2195
13/10/2025
Scholarship
Nodal officer

ई-मेल के माध्यम से

निदेशालय तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश–सुन्दरनगर।

संख्याः- एसटीवी(टीई)(HC)01- S/ship Portal 2023-24 63900-925 दिनांक 13/10/2025

सेवा में,

1. समस्त निदेशक एवं प्रधानाचार्य,
   राजकीय अभियान्त्रिक / फार्मेसी कॉलेज, हि०प्र०।
2. समस्त प्रधानाचार्य राजकीय बहुतकनीकी, हि०प्र०।

विषयः– तकनीकी शिक्षा विभाग में डिग्री कोर्स एवं मास्टर डिग्री, डिप्लोमा कोर्स कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग के छात्रो, निर्धनता एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने बारे।

महोदय /महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में तकनीकी शिक्षा विभाग के संस्थानों में मास्टर डिग्री/डिग्री कोर्स/फार्मेसी/डिप्लोमा व आर्कीटेक्ट असिस्टैंट शिप में चार एवं पांच वर्षीय कोर्स कर रहे छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली हि०प्र० तकनीकी शिक्षा से सम्बन्धित छात्रवृति जिसके लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य श्रेणी के निर्धन एवं मेधावी छात्रों जिन्होने शैक्षणिक सत्र 2023–24 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया था तथा उनको छात्रवृति भी प्राप्त हो गई थी परन्तु 2023–24 के Result में Re-Appear होने के कारण शैक्षणिक सत्र 2024–25 में ऑनलाईन आवेदन नही कर पाए थे तथा अब नवीनीकरण (Renewal) हेतु NSP Portal पर यह सुविधा उपलब्ध न होने के कारण ऑफलाईन ही प्राप्त किए जाने .हैं। उनके द्वारा अब सभी वर्षो की परीक्षा उतीर्ण कर ली हो, उन छात्र/छात्राओं के छात्रवृति के आवेदन सम्बन्धित प्रधानाचार्य स्तर पर दिनांक 30/11//2025 तक प्राप्त किए जाने हैं।

इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्रों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में आवेदन नहीं किया है तथा इस वर्ष आवेदन करना चाहते है उन छात्रों के आवेदन पत्र भी ऑफलाईन ही प्राप्त किए जाने है। इस मामले में विशेष ध्यान रखा जाए कि छात्रों द्वारा पूर्व की सभी वर्षो की परीक्षा उतीर्ण हो तथा इनका डाटा भी

Excel Sheet में अलग से Fresh Higher Class नाम देकर साथ संलग्न प्रपत्र–"क" पर भरकर Soft Copy में भेजें।

अतः आपको परामर्श दिया जाता है कि उपरोक्त छात्र/छात्राओं की छात्रवृति हेतु तकनीकी शिक्षा छात्रवृति के आवेदन पत्र एवं नवीनीकरण (Renewal) हेतु निर्धारित प्रपत्र जोकि विभाग की **Website** पर उपलब्ध है, पर भरकर सभी आवश्यक अनुलग्नको सहित, निर्धारित तिथि तक प्राप्त कर, इनकी जांच पड़ताल हेतु अपनी अध्यक्षता में, INO द्वारा पात्र आवेदकों के छात्रवृति आवेदन पत्रों की अपने स्तर पर पूर्ण जांच पड़ताल एवं प्रमाणित/सत्यापित करके इसकी सूचना निम्नांकित प्रपत्र पर Excel sheet में तैयार करके साफ्ट एवं हार्ड कापी निदेशालय को दिनांक 10/12/2025 तक हर हाल में सम्बन्धित सहायक के माध्यम से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस छात्रवृति का वितरण PFMS के माध्यम से सभी पात्र आवेदकों को निश्चित समयानुसार किया जा सके।

(अक्षय सूद, हि०प्र०प्र०से०)
निदेशक तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
सून्दरनगर जिला मण्डी, (हि०प्र०)
दूरभाष नं० 01907–266120

प्रपत्र–क

| Full Name in English | Father Name | Applic-ation ID | Name of Institut-ion | Class / course | Fresh/ Lateral<br>Renewal with result | Gender F/M | Address | District | State | Country | Bank Name | IFSC Code | Account Number | UID/EID | Pin code |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

| Category | % of Mark | Date of admission | S/ship Amount | Duration of course(diploma /Degree) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |

इस प्रपत्र में किसी भी प्रकार के **special character( space ,'*.!@#%`~)** का प्रयोग वर्जित है।